NCERT
National Council Of Educational Research And Training

NCERT Solutions for 2nd Class Hindi: Chapter 15-एक्की-दोक्की

IndCareer
Schools

indCareer indCareer indCareer

NCERT Solutions for Class 2nd Hindi: Chapter 15-एक्की-दोक्की

Class 2nd Hindi Chapter 15 Solutions - Complete Class 2 Hindi Chapter 15 Notes.

NCERT Solutions for Class 2nd Hindi: Chapter 15-एक्की-दोक्की

NCERT 2nd Hindi Chapter 15, class 2 Hindi Chapter 15 solutions

कहानी से

प्रश्न **1**

क्या बूढ़ी अम्मा पहले से जानती थी कि एक्की और दोक्की उनके घर आनेवाली हैं**?** तुम्हें कैसे पता चला**?**

उत्तर**:**

हाँ, बूढ़ी अम्मा को पता था कि एक्की और दोक्की उनके घर आने वाली हैं। यह इस बात से जाहिर होता है कि अम्मा ने दोनों को कहा कि वह उनकी राह देख रही थी। अम्मा ने एक्की और दोक्की के लिए पूरे इंतजाम भी कर रखे थे।

प्रश्न 2

दोक्की का मेंहदी की झाड़ी और गाय पर ध्यान क्यों नहीं गया?

उत्तर:

दोक्की बड़ी तेजी से और अपनी ही धुन में अम्मा की झोंपड़ी की तरफ़ भाग रही थी, इसलिए उसका ध्यान मेंहदी की झाड़ी और गाय पर नहीं गया।

प्रश्न 3

एक्की ने झाड़ी और गाय की मदद कैसे की?

उत्तर:

एक्की ने अपने चुल्लू में पानी भरकर कई बार झाड़ी पर डाला और उसकी प्यास बुझाई। फिर उसने घास-फूस इकट्ठा किया और भूखी गाय को खिलाया। उसने गाय के गले में बँधी रस्सी

को भी खोल दिया।

मेहंदी

प्रश्न 4

मेंहदी की झाड़ी ने एक्की को लगाने को मेंहदी दी। मेंहदी की झाड़ी से लगाने के लिए मेंहदी कैसे तैयार की जाती है? पता करो और सही क्रम में लिखो।

उत्तर:

पहले मेंहदी की झाड़ी से उसके पत्ते तोड़ो। पत्ते तोड़ने के बाद उन्हें अच्छी तरह से धो लो। फिर उन पत्तों को पीसकर उसका पेस्ट तैयार करो।पेस्ट तैयार होने के बाद उसे अपने हाथों में अपने पसंद की डिजाइन के अनुसार लगा लो।

प्रश्न 5

मेंहदी जब रचाई जाती है तब उसका रंग गाढ़ा होता है और धीरे-धीरे फ़ीका पड़ता जाता है। किन-किन चीजों का रंग कुछ समय बाद फ़ीका हो जाता है?

उत्तर:

मेंहदी .... "कमरे के दरवाजों पर किया गया रंग-रोगन

सूती कपड़े ...."कॉपी पर पेंसिल से लिखे गए अक्षर

प्रश्न 6

नीचे दी गई जगह में अपनी हथेली को रखो। अब इसके चारों ओर पेंसिल फिराओ। लो बन गया तुम्हारा हाथ। मेंहदी से जो डिज़ाइन तुम अपनी हथेली पर बनाना चाहते हो वह बनाओ।

उत्तर:

विद्यार्थी स्वयं करें।

अपने मन से

प्रश्न 7

कहानी में दोनों बहनों के नाम उनके बालों की संख्या पर पड़ा। सोचकर खाली जगह में नाम लिखो।

बालों की संख्या	पूरा नाम	छोटा नाम
1	एककेसवाली	एक्की
2	दोकेसवाली	दोक्की
100	सौकेसवाली	सौक्की
0	बिना केसवाली	गंजी

तुम्हारे वाक्य

प्रश्न 8

नीचे कुछ वाक्य लिखे हैं। हर वाक्य में एक मोटा शब्द छपा है। उनकी मदद से तुम अपने मन से सोचकर वाक्य बनाओ और कक्षा में बताओ।

- जंगल में चारों तरफ़ सन्नाटा था। ।
- बाबा को सोचने की फुर्सत ही कहाँ, काम में जो उलझे रहते थे।
- वह सरपट घर की तरफ़ दौड़ चली।
- मेंहदी की झाड़ी मुरझा गई थी।

उत्तर:

- आधी रात के समय पूरी तरह से सन्नाटा छा जाता है।

- कमल को परीक्षा के समय पढाई के अलावा किसी भी काम की फुर्सत नहीं रहती।
- कुत्ते को देखते ही बिल्ली सरपट भागी।।
- गरमी के दिनों में फूल जल्दी मुरझा जाते हैं।

नाम-काम

एक्की ने देखा कि एक मरियल-सी गाय पेड़ से बँधी हुई थी।

एक्की, गाय और पेड़ नामवाले शब्द हैं।

देखा और बँधी कामवाले शब्द हैं।

प्रश्न 9

कहानी में से ऐसे पाँच-पाँच शब्द और छाँटकर लिखो।

उत्तर:

नामवाले शब्द	कामवाले शब्द
एक्की	बुलाते
दोक्की	पहुँची
अम्मा	सरसरा
बाबा	कहना
गाय	बैठना

Chapterwise NCERT Solutions for Class 2 Hindi :

- Chapter 1 ऊँट चला
- Chapter 2 भालू ने खेली फुटबॉल
- Chapter 3 म्याऊँ, म्याऊँ!!
- Chapter 4 अधिक बलवान कौन?
- Chapter 5 दोस्त की मदद
- Chapter 6 बहुत हुआ
- Chapter 7 मेरी किताब
- Chapter 8 तितली और कली
- Chapter 9 – बुलबुल
- Chapter 10 – मीठी सारंगी
- Chapter 11 – टेसू राजा बीच बाज़ार
- Chapter 12 – बस के नीचे बाघ
- Chapter 13 – सूरज जल्दी आना जी
- Chapter 14 – नटखट चूहा
- Chapter 15 – एक्की-दोक्की

About NCERT

The National Council of Educational Research and Training is an autonomous organization of the Government of India which was established in 1961 as a literary, scientific, and charitable Society under the Societies Registration Act. The major objectives of NCERT and its constituent units are to: undertake, promote and coordinate research in areas related to school education; prepare and publish model textbooks, supplementary material, newsletters, journals and develop educational kits, multimedia digital materials, etc.Organise pre-service and in-service training of teachers; develop and disseminate innovative educational techniques and practices;collaborate and network with state educational departments, universities, NGOs and other educational institutions; act as a clearing house for ideas and information in matters related to school education; and act as a nodal agency for achieving the goals of Universalisation of Elementary Education.In addition to research, development, training, extension, publication and dissemination activities, NCERT is an implementation agency for bilateral cultural exchange programmes with other countries in the field of school education.Its headquarters are located at Sri Aurobindo Marg in New Delhi. Visit the Official NCERT website to learn more.